हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

NEWS

dku live & dkunews24

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

वर्ष : 01 अंक–33 : जौनपुर, शुक्रवार 23 सितम्बर 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया


## सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा सरयू नदी का हवाई सर्वेक्षण के पश्चात अधिकारियों संग बैठक संपन्न

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर रहे हैं।इसी कड़ी में अयोध्या जिले के सरयू नदी का हवाई सर्वेक्षण किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री जी का अयोध्या के श्रीराम कथा पार्क पर स्थापित (नयाघाट) पर हेलीकाप्टर से आगमन हुआ। उनके स्वागत के लिए पहले से ही वहां पर सांसद लल्लू सिंह सहित मण्डल/जनपद के वरिष्ठ अधिकारियों ने उपस्थित होकर उनकी अगवानी की।उसके बाद श्री सरयू होटल में मण्डल/जनपद के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संक्षिप्त बैठक की। जिसमें मुख्य रूप से बाढ़ संभावित क्षेत्रों में राहत व बचाव कार्यो आदि की जानकारी लिया। वही इसी कड़ी में उन्होंने वहां पर मौजूद सभी अधिकारियों को राहत कार्यो को चलाने का निर्देश दिया। वही इसी क्रम में उन्होंने नयाघाट पर स्थापित होने वाले भारत रत्न लता मंगेशकर चौराहे के तैयारी के सम्बंध में जानकारी ली। वही दीपोत्सव 2022 को जो 23 अक्टूबर



को आयोजित होना है उसके तैयारी के सम्बंध में जानकारी ली।वही इस बार इस बार राम नगरी अयोध्या में होने जा रहा छठे दीपोत्सव को बेहतर ढंग से तैयारी करने हेतु निर्देश दिया।तत्पश्चात वहां पर मौजूद अधिकारियों से वार्ता करने के बाद पुनः अगले भ्रमण क्षेत्र के लिए रवाना हुये।इस मौके पर मण्डलायुक्त अयोध्या मंडल अयोध्या नवदीप रिणवा, पुलिस उप महानिरीक्षक अयोध्या रेंज अयोध्या अमरेन्द्र प्रसाद सिंह, जिलाधिकारी अयोध्या नितीश कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अयोध्या प्रशान्त वर्मा, सहित सत्ताधारी पार्टी के पदाधिकारी सहित अन्य मण्डलीय/जनपदीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## किताबी ज्ञान के अतिरिक्त व्यवहारिक शिक्षा छात्राओं के व्यक्तित्व विकास में अत्यंत लाभप्रद –प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। नवयुग कन्या महाविद्यालय, राजेंद्र नगर लखनऊ की छात्राओं को विधानसभा के विशेष मानसून सत्र का साक्षात अनुभव करने का अवसर प्राप्त हुआ ए उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा आज एक विशेष सत्र महिलाओं के लिए आयोजित किया गया था, जिसमें विभिन्न स्कूल–कॉलेज के छात्राओं को भी आमंत्रित किया गया थाए जिसमें नवयुग की दर्शनशास्त्र ,राजनीति शास्त्र एवं एनसीसी की 30 छात्राओं ने डॉ गीताली रस्तोगी एवं मेजर (डॉ.) मनमीत कौर सोढ़ी के नेतृत्व में पहली बार विधानसभा का लाइव सत्र देखा ए जिसमें स्वयं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ जी एवं विपक्ष को भी सदन में चर्चा करते हुए देखा और सदन की कार्यप्रणाली को समझने का प्रयास किया छात्राओं के लिए यह सत्र विशेष रूप से इसलिए भी उपयोगी रहा ए क्योंकि जिन प्रतिनिधियों को हम चुनकर सदन में भेजते हैं वह किस प्रकार से आम जनता की समस्याओं पर विचार विमर्श करते हैं इसका साक्षात अनुभव करने का अवसर मिला। छात्राओं के लिए एक ही स्थान पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के साथ सभी विभागीय मंत्री एवं विपक्ष



को एक ही प्लेटफार्म पर देखने का अनुभव अविस्मरणीय रहा। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय के अनुसार किताबी ज्ञान के अतिरिक्त इस प्रकार की व्यवहारिक शिक्षा छात्राओं के व्यक्तित्व विकास में अत्यंत लाभप्रद होती है। महाविद्यालय की यह छात्राएं सम्मिलित हुई–वसुंधरा गंगवार, सगलगुण,अर्पिता, पंखुरी ,आरती, सोनम, साक्षी, नंदिनी, दीपाली, गरिमा,शालू ,यासमीन , रागिनी ,अलीशा ,महक ,दीपांशी, आंचल, काजल , दुर्गा ,सलोनी, सुरजीत, पूजा, रिया ,गुलशन ,हरशीन, कीर्ति, रुचि ,आकांक्षा, निशा ,प्रियंका प्रमुख हैं।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## जन्मभूमि के कार्य आ सकूं यह मेरा सौभाग्य – बाबा सिंह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सरकार की मंशानुरूप परिषदीय विद्यालयों में जनसहयोग के माध्यम से अत्याधुनिक सुविधाओं की उपलब्धता के क्रम में कंपोजिट विद्यालय तारा(उमरी) मुफ्तीगंज, जौनपुर के प्रधानाध्यापक राजेश सिंह ने तारा ग्रामसभा के मूल निवासी समाजसेवी एंव व्यवसायी बाबा दशरथ सिंह से संपर्क कर उनको विद्यालय में आमंत्रित





किया। समाजसेवी बाबा सिंह दशरथ ने विद्यालय के भौतिक एंव शैक्षणिक व्यस्था पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि बड़ी खुशी की बात है कि हमारे ग्रामसभा में स्थित कंपोजिट विद्यालय इतनी सुव्यवस्थित तरीके से संचालित हो रहा है। हमने अपने कर्मभूमि मुंबई में समाजसेवा के माध्यम से कई विद्यालयों का कायाकल्प अपने निजी संसाधन से किए हैं। मेरे लिए यह सौभाग्य की बात होगी लोककल्याण हेतु अपने जन्मभूमि पर भी कुछ कार्य करने का अवसर प्राप्त हो रहा है। श्री सिंह ने कहा कि जल्द ही हम विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजेश सिंह के साथ चर्चा करके विद्यालय को अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त करने के लिए प्राथमिकता के आधार पर सुविधाओं को उपलब्ध कराने का प्रयास करूंगा। साथ ही विद्यालय परिवार को आश्वस्त करता हूँ कि हमारे स्तर के जिस भी सहयोग की आवश्यकता होगी हम सदैव तत्पर रहेंगे। हमारा प्रयास रहेगा कि संसाधन उपलब्धता के मामले में हम सभी मिलकर कंपोजिट विद्यालय तारा(उमरी) को जनपद और प्रदेश ही नहीं अपितु देश स्तर के विद्यालयों की सूची में लाने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर ग्रामसभा तारा के वरिष्ठ नागरिक हृदय नारायण सिंह, इंद्रजीत तिवारी, त्रिवेणी गुप्ता, कांता तिवारी,राजनारायण सिंह, हरिशंकर यादव, एआरपी जेपी यादव, सचिन्द्रनाथ यादव, दशरथ राम, अनिल पांडेय, प्रियंका सिंह, मधु रानी, रीता देवी, संतोष यादव , संजय सिंह,अवनीश सिंह, सर्वेश एंव सुनीता देवी उपस्थित रहे।

## पुरानी पेंशन बहाली के लिए शिक्षकों का उमड़ा हजूम

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : शिक्षकों, की पुरानी पेंशन बहाली सहित छह सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में शिक्षको ने हुंकार भरा। एक दिवसीय विशाल धरना देकर महामहिम राष्ट्रपति प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा। शिक्षकों ने मांग पूरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। संगठन के आह्वान पर धरने में माध्यमिक शिक्षक संघ (सेवारत) व कर्मचारी संघ ने भी अपना समर्थन दिया। धरने को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अमित सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन को प्राप्त करने के लिए शिक्षकों व कर्मचारियों का सतत संघर्ष चलता रहेगा। इसके लिए हमें एकजुट होकर लड़ाई लड़नी होगी। कहाकि एक ही देश में दो तरह का कानून नहीं चलेगा। एक तरफ सांसद–विधायक पेंशन व पारिवारिक पेंशन प्राप्त कर रहे है तो दूसरी तरफ 60 और 62 वर्ष तक पूरा जीवन देश व समाज को देने के बाद शिक्षक व कर्मचारी सेवानिवृत्त होने पर पुरानी पेंशन को नहीं प्राप्त करेगा। साथ ही अमित सिंह ने कहा कि वर्षों से परिषद के शिक्षकों का पदोन्नति रुका हुआ जो कि हमारा अधिकार है जिसके लिए हम आर पार की लड़ाई के लिए तैयार हैं। विगत काफी समय से शिक्षाकों स्थानांतरण रुका हुआ है, तमाम शिक्षकों को पचास से सत्तर किलोमीटर दूर जा कर अपनी सेवा देनी पड़ती है जबकि उनके आवास के पास कई विद्यालयों पर पद खाली हैं इसलिए हम सभी का इस आंदोलन के माध्यम से मांग है कि तत्काल अंतर्जनपदीय एंव जनपद के अंदर स्थानांतरण शुरू किया जाय। शिक्षा मित्र तथा अनुदेशक साथियों को उचित एंव सम्माजनक तरीके से समायोजित किया जाय। धरने को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश माध्यमिक



शिक्षक संघ(कार्यरत) के प्रांतीय अध्यक्ष रमेश सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली को लेकर प्राथमिक शिक्षक संघ के आंदोलन के मेरा पूर्ण समर्थन है। जहाँ देश के जनप्रतिनिधिगण पुरानी पेंशन का लाभ ले रहे हैं वहीं शिक्षक एंव कर्मचारियों को इससे वंचित रखा गया है जो अनुचित है। संचालन कर रहे जिला मंत्री सतीश पाठक ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली के लिए चलाए जा रहे आंदोलन को और मजबूत किया जाएगा। पेंशन छीनकर सरकार ने बुढापे की लाठी छीन लिया है। सीनियर बेसिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष अरुण सिंह ने कहा कि इस तरह के अन्याय के खिलाफ संगठन आंदोलन कर अपने हक को प्राप्त करने के लिए लड़ाई लड़ने को तैयार है। धरने को उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महा संघ के अध्यक्ष अजय सिंह, महामंत्री संजय चौधरी, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष डॉ प्रदीप सिंह, कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ के अध्यक्ष शिवमोहन श्रीवास्तव एंव पूर्व अध्यक्ष विजय प्रताप सिंह, महिला मोर्चा अध्यक्ष अर्चना सिंह, मंजू पांडेय, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जनपदीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतीश सिंह, कोषाध्यक्ष रोहित यादव, जिला संयुक्त मंत्री शैलेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष अतुल प्रताप, राजेश टोनी, संगठन मंत्री अश्वनी सिंह, संतोष बघेल, राम सिंह बघेल, राजीव रत्नम तिवारी, सरोज सिंह, ममता श्रीवास्तव, वंदना सरकार, नूपुर श्रीवास्तव, डॉ अनुज सिंह, विशाल सिंह, डॉ मनीष सोमवंशी, मृत्युंजय सिंह, दिवाकर चौहान, नीतीश सिंह उत्तर प्रदेश ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के महामंत्री शिव कुमार यादव, सिंचाई कर्मचारी विभाग के अध्यक्ष अरविंद यादव आदि ने संबोधित किया।

## सेवा पखवाड़ा के अर्न्तगत बच्चों ने ली जल संरक्षण की शपथ

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ : भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री का जन्मदिन पूरे देश में सेवा पखवाड़ा के रूप में बडी ही धूमधाम से मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत गुरूवार को सेंट जोसेफ समूह की सभी शाखाओं में एक जल संरक्षण शपथ का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने जल संरक्षण की शपथ ली। साथ ही बूंद बूंद जल संरक्षण पर आधारित स्लोगन एवं पोस्टर बनाकर जल संरक्षण का संदेश भी दिया। जल संरक्षण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जल शक्ति मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार स्वतंत्र देव सिंह थे। उन्होनें बच्चों को जल संरक्षण का महत्व बताते हुये जल के संरक्षण की शपथ भी दिलवायी। इसके पूर्व जल शक्ति मंत्री स्वतन्त्र देव सिंह का स्वागत सेंट जोसेफ ग्रुप आफ इन्स्टीट्यूशन्स के प्रबन्ध निदेशक, अनिल अग्रवाल ने मोमेंटो और पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। बच्चों के उमेठे कान और दुलराया भी जल शक्ति मंत्री ने बच्चों को संबोधिक करते हुये बताया कि जल संरक्षण अभियान सेवा पखवाड़ा के रूप में पूरे प्रदेश में 2 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है। जिसमे जल के संरक्षण के साथ–साथ हर घर स्वच्छ जल पहुंचाने का प्रयास किया जायेगा और वर्षा





जल के संचयन की प्रवृति को प्रोत्साहित किया जाएगा। बच्चों से बातें करते हुये जल शक्ति मंत्री ने बच्चों को प्यार से दुलराया तो बच्चों के प्यार से कान भी उमेठे। इस अवसर पर सेंट जोसेफ समूह की संस्थापक अध्यक्ष श्रीमती पुष्पलता अग्रवाल ने कहा कि जल हमारा आज भी है और कल का भविष्य भी है। आने वाली पीढ़ी के लिये बूँद–बूँद जल सहेजना आज की पीढ़ी की नैतिक जिम्मेदारी है। प्रबन्ध निदेशक अनिल अग्रवाल ने बच्चों से अपील की कि वे जल संरक्षण के प्रति अपने साथ अपने आस–पास के लोगों को भी जागरूक करें। एक बच्चा कम से कम पॉच अन्य लोगों को जल संरक्षण का महत्व बताये।

## विधानसभा में गूंजा मेडिकल कालेज और ग्रामीण क्षेत्र के विकास का मुद्दा : मछलीशहर की विधायक रागिनी सोनकर ने उठाया मुद्दा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गुरुवार को विधानसभा के मानसून सत्र में मछलीशहर की विधायक रागिनी सोनकर ने जौनपुर के मेडिकल कालेज का तथा विधानसभा क्षेत्र की खस्ताहाल मार्गो के साथ ही इलाज में मिलने वाली सरकारी मदद में होने वाले विलम्ब और आशा कार्यकर्ताओं के मानदेय का मुद्दा उठाया। मछलीशहर की विधायक डा0 रागिनी सोनकर ने जौनपुर मेडिकल कॉलेज के केवल कागज पर चलने की बात विधानसभा के मानसून सत्र में कही।उनका कहना है कि यहा ओ पी डी भी नहीं चलती और न तो मरीजों को भर्ती करने की समुचित व्यवस्था ही उपलब्ध है।इसके अलावा विधानसभा क्षेत्र की खस्ताहाल सड़कों पर चलना दुर्घटना को दावत देना है।मार्गो की मरम्मत नही हो रही हैं। कोरोना काल में अपना जीवन दाव पर लगाकर मरीजों की सेवा में लगाई गई आशा कार्यकर्ताओं का मानदेय नहीं बढ़ाया गया जबकि महगाई में काफी अधिक वृद्धि हुई है।बाजार की वातुओ के दाम को उदाहरण देते हुए मानदेय बढ़ाने की मांग सदन में की।गंभीर बीमारी के इलाज में मिलने वाली सरकारी मदद में होने वाले विलम्ब की समस्या को दूर करने के लिए समय सीमा 15 दिन करने की मांग उठाई है।साथ ही महिला आरक्षण को भी प्रभावी रूप से लागू करने का मुद्दा उठाया है।शेरो शायरी के साथ अपने मुद्दे को रखते हुए विधायक ने सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनुषांगिक संगठन सहकार भारती जौनपुर की मासिक बैठक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनुषांगिक संगठन सहकार भारती जौनपुर की मासिक बैठक जिला अध्यक्ष कुंवर प्रदीप सिंह रिंकू के अध्यक्षता में शहर स्थिति एक होटल में संपन्न हुई जिसके मुख्य अतिथि काशी प्रांत के विभाग संयोजक श्रीमान अखिलेश कुमार सिंह रहे। श्री सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि महिलाओ को आत्मनिर्भर बनाने में सरकार प्रतिबद्ध है महिलाओ को स्वयं सहायता समूह से जोड़कर मजबूत किया जाएगा और आने वाले सहकारिता के चुनाव में सहकार भारती पूरी ताकत के साथ चुनाव लडेगी व जीतेंगी। जिलाध्यक्ष कुंवर प्रदीप सिंह ने कहा कि समाज के उत्थान के लिए सहकार भारती लगातार कार्य कर रही है। समाज का उत्थान सहकारिता के बिना संभव नही है इस मूलमंत्र से अपने को जोड़कर कार्य करना है। महामंत्री भोला नाथ मिश्रा ने कहा सहकार भारती संगठन को ब्लाक एवं तहसील स्तर पर विस्तार करना जरूरी है। प्रत्येक पदाधिकारी इस जिम्मेदारी को पूर्ण निष्ठा से निर्वहन करे। महिला प्रमुख प्रीति गुप्ता ने कहा कि जिले के हर ब्लाक के सहकारी कार्यालय में प्रेणा कैंटीन खोली जाएगी उसमे समूह की महिला काम करेंगी। इसी प्रकार समूह के दीदी लोगो को बैंक सखी, विद्युत सखी के रूप में कार्य दिया जायेगा। संगठन प्रमुख विवेक सिंह ने कहा कि संगठन को निचले स्तर पर मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं को घर घर तक पहुंचना होगा और अधिक से अधिक लोगो को सहकार भारती से जोड़ना होगा।सह संगठन प्रमुख रजनी सिंह ने कहा कि महिलाओ के समूह के उत्पाद को आनलाइन के माध्यम से बिक्री की जाएगी और गरीब महिलाओ को सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जायेगा।सह महिला प्रमुख रजनी साहू ने कहा कि सहकार भारती महिलाओ के सशक्तिकरण के लिए कार्य कर रही गई उन्हें स्वय सहायता समूह एवं सहकारी संस्थाओं से जोड़कर प्रशिक्षित किया जा रहा है। उपाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने सहकार भारती के सदस्यता अभियान, स्वालंबी भारत अभियान, नए सहकारी समितियों के पंजीकरण की जानकारी दी। पैक्स प्रमुख अजय कुमार सिंह ने पैक्स से संबंधित समस्यायो से मुख्य अतिथि को अवगत कराते हुए सहकारी अधिकारियों के असहयोग की बात कही।बैठक में प्रमुख रूप से उपाध्यक्ष राजेश सिंह, संपर्क प्रमुख रविकांत सिंह, एस.एच.जी. प्रमुख किरन जायसवाल, मंत्री प्रदीप सिंह, संदीप जायसवाल, राजेश अष्ठाना, अमित जायसवाल, रिधित सेठ, सुनील जायसवाल उपस्थिति रहे। कार्यक्रम का संचालन विवेक सिंह ने किया। महामंत्री भोला नाथ मिश्रा ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## राजकीय महिला महाविद्यालय में नारी सुरक्षा को लेकर 'अपराजिता' कार्यक्रम आयोजित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आज दिनांक–23.09.2022 को अमर उजाला द्वारा राजकीय महिला महाविद्यालय में नारी सुरक्षा को लेकर आयोजित कार्यक्रम 'अपराजिता' में क्षेत्राधिकारी शाहगंज जौनपुर, श्री





अंकित कुमार व थाना शाहगंज एंटी रोमियो टीम द्वारा नारी सुरक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों तथा उ.प्र. पुलिस के नारी सुरक्षा के सभी पोर्टल्स व सरकार द्वारा महिला सुरक्षा हेतु चलाए जा रहे विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों के बारे विस्तृत जानकारी देते हुए जागरूक किया गया।


facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram


–सुविचार–

अच्छा दिल संबंधों को जीत सकता है लेकिन अच्छा स्वभाव उन्हें आजीवन निभा सकता है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# भू–राजनीति की कड़वी हकीकत

बाढ़ की वजह से नदियों ने बलूचिस्तान को पूरी तरह से काट दिया है, जहां सरकार भी नहीं पहुंच पाई है, यहां स्थानीय हिंदू समुदाय की ओर से मदद की जा रही है, जिन्होंने न सिर्फ बाढ़ से बचे लोगों का, बल्कि उनके मवेशियों का भी स्वागत किया। यह देखकर वाकई खुशी हुई कि पाकिस्तान के कुछ इलाकों में धर्म ने मानवता और धार्मिक सद्भाव को विभाजित नहीं किया है।

यदि आप किसी से उम्मीद करते हैं, तो निराश होना स्वाभाविक है। दरअसल हाल ही में संपन्न हुई शंघाई सहयोग संगठन की बैठक के दौरान मैं अपनी निराशा छिपा नहीं सकी। पूरी दुनिया जानती है कि दुर्भाग्य से पाकिस्तान इन दिनों इतिहास के सबसे बुरी प्राकृतिक आपदाओं में से एक का सामना कर रहा है। कई महीने बीत गए हैं, लेकिन मुल्क का एक तिहाई से अधिक हिस्सा, जो किसी छोटे यूरोपीय देश के आकार के बराबर है, अब भी पानी में डूबा हुआ है और लोगों की मुश्किलें कम नहीं हुई हैं।

मौत, भूख और बीमारी वैसे लोगों का पीछा कर रही है, जो ऐसे मुश्किल वक्त में बच गए हैं, जब कब्रिस्तान तक पानी में डूबे हुए हैं और सड़ती हुई लाशों को दफनाने के लिए कहीं सूखी जमीन नहीं बची है। मैं यह उम्मीद कर रही थी, जैसी कि हमारी एशियाई परंपरा है, भारतीय प्रधानमंत्री मोदी अपने पाकिस्तानी समकक्ष शहबाज शरीफ से मिलकर शोक–संवेदना के दो शब्द कहेंगे।

मुझे नहीं लगता कि भारत में ऐसा कोई होगा, जो इसमें दोष ढूंढेगा या मानवीय दृष्टिकोण के लिए उनकी आलोचना करेगा। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने अपने पड़ोसी से पूरी तरह परहेज किया। यदि किन्हीं वजहों से ऐसा संभव नहीं था, तो जब मोदी शंघाई सहयोग संगठन की बैठक को संबोधित कर रहे थे, तभी इस विषय पर कुछ बोल सकते थे, क्योंकि यह सर्वविदित था कि वहां उपस्थित दोनों मुल्कों के प्रधानमंत्रियों और विदेश मंत्रियों के बीच कोई औपचारिक द्विपक्षीय वार्ता नहीं होगी।

प्राकृतिक आपदाएं राजनीति का विषय नहीं हैं। पाकिस्तान के साथ अभी जो हो रहा है, वह अगली बार किसी के साथ भी हो सकता है, क्योंकि कुदरत के कहर से कोई नहीं बचा है। कम से कम शंघाई सहयोग संगठन की बैठक एक ऐसा अवसर था, जहां दोनों पक्ष जलवायु परिवर्तन के समान एजेंडा के लिए एक साथ आ सकते थे और दोनों देश एक–दूसरे पर कोई शर्त लादे बिना यह विचार कर सकते थे कि इस मुद्दे पर कैसे एक साथ काम कर सकते हैं।

लेकिन शायद मैं स्वप्न–लोक में जी रही हूं और भू–राजनीति की वास्तविकता बिल्कुल अलग है। काश, मैं पाठकों को एक छोटी लड़की का वीडियो दिखा पाती, जो सौभाग्य से अपने गांव में बाढ़ से बच गई थी, लेकिन बहुत भूखी थी। उस वीडियो में वह खाली बर्तन से कुछ खाने का नाटक करती नजर आ रही है। हो सकता है कि बर्तन के निचले हिस्से में कुछ दाने चिपके हों, जिसे वह इस उम्मीद में खुरचने की कोशिश कर रही हो कि कुछ दाने उसके मुंह में आ जाएंगे।

लेकिन हर बार वह विफल रहती है। ऐसे में यह देखकर वाकई खुशी हुई कि पाकिस्तान के कुछ इलाकों में धर्म ने मानवता और धार्मिक सद्भाव को विभाजित नहीं किया है। जलाल खान के गांव में, जहां कुछ भी नहीं बचा है और नदियों ने बलूचिस्तान को पूरी तरह से काट दिया है, जहां सरकार भी नहीं पहुंच पाई है, स्थानीय हिंदू समुदाय की ओर से मदद की जा रही है, जिन्होंने न सिर्फ बाढ़ से बचे लोगों का, बल्कि उनके मवेशियों का भी स्वागत किया।

जिस मंदिर के माध्यम से हिंदू समुदाय मदद कर रहा है, उसका नाम बाबा माधोदास मंदिर है। माधोदास विभाजन से पहले के हिंदू संत थे और जिनका इलाके के हिंदू और मुसलमान समान रूप से आदर करते थे। इस मुश्किल वक्त में स्थानीय हिंदू समुदाय ने बाढ़ प्रभावित लोगों, जिनमें कई मुस्लिम भी थे, और उनके मवेशियों के लिए मंदिर का द्वार खोल दिया।

स्थानीय हिंदुओं द्वारा लाउडस्पीकर पर घोषणाएं की गईं, जिसमें मुसलमानों से शरण लेने के लिए मंदिर आने का आह्वान किया गया। सामान्य समय में पूरे बलूचिस्तान से हिंदू उपासक बाबा माधोदास मंदिर में पूजा करने के लिए आते हैं। हिंदू समुदाय का कहना है कि आजीविका की तलाश में बहुत से स्थानीय लोग अन्य बड़े शहरों में चले गए और यह एक छोटी–सी आबादी है, जो गांव में बची हुई है।

पूरे इतिहास में, हमने देखा है कि कैसे पूजा स्थल, चाहे वे किसी भी धर्म के क्यों न हों, आपदा से बच गए हैं। सौभाग्य से बाबा माधोदास मंदिर ऊंची जगह पर पूरी तरह से कंकरीट से बनाया गया था, इसलिए बाढ़ से यह नष्ट नहीं हुआ। खबरों के मुताबिक, मंदिर में सौ से ज्यादा कमरे हैं, जो पाकिस्तान में सामान्य मानक के मुताबिक बड़ा मंदिर है और सौभाग्य से मंदिर के कुछ ही कमरों को बाढ़ से नुकसान हुआ है।

इस बीच पाकिस्तान के दक्षिणी प्रांत सिंध की राजधानी कराची, जो सौभाग्य से बाढ़ से प्रभावित नहीं है, के प्रसिद्ध बाजार में काफी उत्साह दिखा। हालांकि कई इतिहासकार कराची शहर की पुरातनता को लेकर अलग–अलग दावे करते हैं कि यह शहर कितना पुराना है, लेकिन हाल में प्राप्त एक हिंदू मूर्ति से पता चलता है कि यह बंदरगाह शहर 1,500 वर्ष पुराना हो सकता है। यहां सोल्जर बाजार नामक एक प्रसिद्ध इलाके में एक प्राचीन पंचमुखी हनुमान मंदिर स्थित है।

विशेषज्ञों ने निर्माण कार्य के दौरान खुदाई में कई सौ साल पुरानी मूर्तियों की खोज की, और ऐसी ही एक मूर्ति 1,500 साल पुरानी है। साथ ही कराची के पास तट पर कई द्वीप हैं। ऐसा ही एक द्वीप है मनोरा, जहां मैं कई बार नाव से पिकनिक मनाने गई हूं। अब यह याद करने का समय है कि कैसे मनोरा द्वीप पर आज भी शांति, मानवता और धार्मिक सद्भाव कायम है।

यहां 1890 में बनी सिफा जामिया मस्जिद के अलावा, गुरुद्वारा श्री गुरुनानक साहिब देवजी है, जो 1935 में बना और पीले पत्थरों वाला वरण देवी मंदिर भी है, जो 1623 में बना। ऐसे सैकड़ों–हजारों साल के प्रमाण हैं, जो बताते हैं कि विभिन्न धर्मों के लोगों के बीच सह–अस्तित्व संभव है। लेकिन जमीनी सच्चाई यह है कि राजनीतिक बाधाओं और घरेलू दबाव के कारण पाकिस्तान भारत से सब्जियों का आयात नहीं कर सका, जहां से वह सबसे तेजी से सब्जियां मंगा सकता है, जो हाल की बाढ़ में नष्ट हो गई थी।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा के अनुरूप लोकल उत्पादों को बढ़ावा देकर लोगों को आत्मनिर्भर बनाएं: जय प्रकाश

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : प्रधानमंत्री मोदी के जन्म दिवस 17 सितंबर से चल रहे सेवा पखवारा के अंतर्गत एक जिला एक उत्पाद की प्रदर्शनी गांधी मैदान में आयोजित हुई। सदर सांसद जय प्रकाश रावत ने किया उद्घाटन मिश्रिख सांसद अशोक रावत जिला अध्यक्ष सौरभ मिश्र सीडीओ आकांक्षा राणा नगर मजिस्ट्रेट जिला उद्योग केंद्र के अधिकारीगण रहे प्रमुख रूप से मौजूद। उद्घाटन के अवसर पर सांसद जयप्रकाश ने कहा प्रधानमंत्री मोदी के आत्मनिर्भर भारत मंत्र पर कार्य करते हुए सुबह के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2017 में प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर एक जिला एक उत्पाद स्कीम लागू की थी जिसके अंतर्गत हर जिले को एक उत्पाद के साथ जोड़ा गया जिसमें हरदोई जिला हथकरघा एवं हैंडलूम का केंद्र है जिसमें अब रेडीमेड उत्पाद भी जोड़ दिए गए हैं। मोदी के आत्मनिर्भर भारत की ताकत के बलबूते ही हमारा देश आज विश्व की बड़ी एवं महत्वपूर्ण आर्थिक महा शक्ति बना है। चीन जैसे देश पर पूरी दुनिया के अविश्वास होने के बाद वहां बड़े–बड़े ब्रांड के उत्पाद भारत की ओर पलायन कर रहे हैं भारत आज ब्रिटेन को पीछे कर विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है पूरी दुनिया में सबसे अधिक विकास दर भारत की है। भारत में आज इतिहास का सबसे अधिक विदेशी मुद्रा भंडार है। मिश्रिख सांसद अशोक रावत ने बताया आत्मनिर्भर भारत के कारण ही हमारा राष्ट्र प्रमुख डिफेंस निर्यातक बना है रक्षा उत्पाद के मामले में पूर्व में जहां देश 800 करोड़ डालर का निर्यात करता था वही आज $13000 का निर्यात कर रहा है तेजस





लड़ाकू विमान हो होवित्जर तोप हो, ब्रम्होस मिसाइल आदि बड़े रक्षा उत्पाद विश्व मे अग्रणी रूप से देखे जा रहे हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्र राम किशोर गुप्ता स्थानीय निकाय प्रकोष्ठ संयोजक उमेश अग्रवाल जिला उपाध्यक्ष एवं प्रदर्शनी के संयोजक प्रीतेश दीक्षित राजेश अग्निहोत्री एसपी मौर्य संदीप सिंह संजय सिंह जिला महामंत्री अजीत सिंह बब्बन अनुराग मिश्र सत्येंद्र राजपूत जिला मंत्री अविनाश पांडे नीतू चंद्रा जिला मीडिया प्रभारी गांगेश पाठक प्रचार मंत्री संदीप अवस्थी कार्यालय मंत्री अतुल सिंह आईटी संयोजक सौरभ सिंह सोशल मीडिया के संयोजक प्रद्युम्न मिश्रा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अलका गुप्ता,भाजपा नेता राजा बक्स सिंह, किसान मोर्चा विश्वराज सिंह अल्पसंख्यक मोर्चा के संयोजक सरताज खान गुड्डू मौजूद रहे।

## आयुष्मान भारत–योजना के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयुष्मान भारत दिवस का आयोजन संपन्न

जौनपुर सू.वि. : आयुष्मान भारत–योजना के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयुष्मान भारत दिवस का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि माननीय सांसद श्रीमती सीमा द्विवेदी के द्वारा लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किया गया। जनपद में योजना के अंतर्गत बेहतर ईलाज व ज्यादा ईलाज किये जाने पर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा ईशा हास्पिटल के संचालक डॉ0 रजनीश श्रीवास्तव व डॉ0 स्मिता श्रीवास्तव, लाईफ लाईन हास्पिटल के चिकित्सक डॉ0 आर.पी.बिन्द, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालपुर के चिकित्सक डॉ0 आलोक कुमार सिंह, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मछलीशहर के चिकित्सक डॉ0 विशाल सिंह यादव, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र केराकत के चिकित्सक डॉ0 अरुण कन्नौजिया को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ईलाज पा रही लाभार्थी श्रीमती बेबी के द्वारा अपना फीडबैक माननीय सांसद जी को दिया गया। लाभार्थी ने बताया कि मेरी बच्ची का जन्म होने पर उसकी तबीयत ठीक नहीं थी जिसे हम लोगो नें त्रिभुवन सिंह मेमोरियल हास्पिटल लाया गया वहां पर पता चला कि मेरी बच्ची का ईलाज आयुष्मान भारत–योजना के अंतर्गत हो सकता हैं और हमारी बच्ची का ईलाज योजना के अंतर्गत निःशुल्क हो रहा हैं जिसके लिए मैं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी व मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी को कोटि कोटि धन्यवाद देते हैं कि मुझ जैसे गरीब का ईलाज बडें हास्पिटल में हो रहा हैं और वो भी निःशुल्क बच्ची का ईलाज करने वाले चिकित्सक डॉ0 जयेश सिंह भी मौजूद रहें और उन्होने माननीय सांसद जी को बच्चें के ईलाज के बारे में अवगत कराया। माननीय सांसद जी के द्वारा अपने उद्बोधन में जनपद जौनपुर के सभी लाभार्थी परिवार से अनुरोध किया कि जो भी परिवार अभी तक अपना आयुष्मान कार्ड किसी कारण वश नहीं बनवा पाया हैं वो अपना आयुष्मान कार्ड जल्द से जल्द बनवा ले जिससे वो अपना ईलाज समय से करवा सकें। कार्यक्रम में जिलाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में अभी भी 35 प्रतिशत लाभार्थी परिवार ऐसे हैं जिन्होने अपना आयुष्मान कार्ड अब तक नहीं बनवाया हैं वैसे सभी परिवार के सदस्य आयुष्मान पखवाडॉ जो कि 15 सितम्बर से 30 सितम्बर तक चल रहा हैं उसमें बनवाकर योजना का लाभ प्राप्त करें। जिलाधिकारी के द्वारा योजना से आबद्ध सभी निजी चिकित्सालयों से भी अनुरोध किया गया कि वों सभी अपने चिकित्सालयों के आयुष्मान मित्र या किसी अन्य को भेजकर गांव में कार्ड बनाने में सहयोग प्रदान करें। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ0 राजीव यादव द्वारा योजना का संक्षिप्त परिचय व उपलब्धियां बतायी गयी। कार्यक्रम के अंत में मुख्य चिकित्सा अधिकारी के द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुशील अग्रहरि तथा कार्यक्रम के सूचना प्रणाली प्रबन्धक श्री हिमांशु शेखर सिंह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी, डॉ0 एन.के,सिहं, डॉ0 एस.पी.मिश्रा, डॉ0 एस.सी वर्मा, जिला पंचायत राज अधिकारी संतोष कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी, डॉ0 बद्री विशाल पांडेय. अवनीश श्रीवास्तव, प्रवीण पाठक, वीरेंद्र कुमार, अजय कुमार, सुधांशु सिंह, सुनील कन्नौजिया, धर्मेंद्र यादव आदि मौजूद रहें।

## जिला कारागार, जौनपुर का भौतिक रूप से निरीक्षण एवं विधिक साक्षरता शिविर का किया गया आयोजन

जौनपुर सू.वि. : उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार एवं माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर श्रीमती वाणी रंजन अग्रवाल के निर्देशों एवं अनुमति से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर विवेक विक्रम द्वारा 23 सितम्बर 2022 को जिला कारागार, जौनपुर का भौतिक रूप से निरीक्षण एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। निरीक्षण में पाकशाला का निरीक्षण किया गया तथा बन्दियों को विधिक एवं मौलिक अधिकारों की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। ऐसे विचाराधीन बन्दी जो अपने वादों में पैरवी हेतु अधिवक्ता करने में अक्षम है तथा ऐसे सिद्धदोष बन्दी जो अपने मामलों में उच्च न्यायालय में अपील करने में अक्षम हों वह कारागार अधीक्षक के माध्यम से अपने प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रस्तुत कर निःशुल्क अधिवक्ता प्राप्त कर सकते हैं। कैदियों के नाबालिक होने की संभावना को देखते हुए जन्म प्रमाण पत्र मंगवाने की सलाह दी गयी। समयपूर्व रिहाई के पात्र बन्दियों को चिन्हित कर उनके प्रार्थना पत्र तैयार कर नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। जेल अधीक्षक द्वारा बताया गया कि वर्तमान में कारागार स्तर पर किसी भी सिद्धदोष बन्दी की जेल अपील लम्बित नहीं है सभी बंदियों की अपील की जा चुकी है। कारागार से समयपूर्व रिहाई के संबंध में पूछे जाने पर अधीक्षक द्वारा बताया गया कि स्थायी नीति के अन्तर्गत जमील पुत्र वजीर का प्रस्ताव कारागार मुख्यालय स्तर पर लम्बित है, जिला मजिस्ट्रेट बॉदा के स्तर पर राजाभइया पुत्र रघुवर दयाल का फार्म–ए लम्बित है। जिला मजिस्ट्रेट आजमगढ़ के स्तर पर जमील पुत्र वजीर व जैनू यादव पुत्र कल्पू यादव का फार्म–ए लम्बित है। जिला मजिस्ट्रेट जौनपुर के स्तर पर बैरागी पुत्र रामदुलार की दया याचिका लम्बित है। जेल अधीक्षक द्वारा बताया गया कि जिला कारागार में कुल 1283 बन्दी है, जिनमें 187 पुरूष तथा 07 महिला सिद्धदोष बन्दी हैं तथा 941 पुरूष तथा 64 महिलाएँ एवं 49 अल्पवयस्क विचाराधीन बन्दी तथा प्रशासनिक आधार पर अन्य कारागार से प्राप्त बंदियों की संख्या 35 है। कारागार में निरूद्ध महिला बन्दियों के साथ कुल 12 बच्चे हैं। कारागार में साफ–सफाई को इंगित करते हुए साफ–सफाई की व्यवस्था का कड़ाई से पालन करने हेतु जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया। अधीक्षक द्वारा यह भी बताया गया कि बन्दियों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण हेतु जिला चिकित्सालय से चिकित्सकों की एक टीम का गठन भी किया गया है जिनके द्वारा प्रत्येक बुधवार को बन्दियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है। जेल अधीक्षक को यह भी निर्देशित किया गया कि वह मुख्य चिकित्साधिकारी से सामंजस्य स्थापित करते हुए बंदियों की एच0आई0वी0 की जॉच नियमित अंतराल पर कराना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर जेल अधीक्षक एस0के0 पाण्डेय, जेलर कुलदीप सिंह भदौरिया, डिप्टी जेलर राजकुमार सिंह, धर्मेन्द्र सिंह व श्रीमती सुषमा शुक्ला, चिकित्साधिकारी डा0 रविराज, फार्मासिस्ट सतीश कुमार गुप्ता तथा जेल पी0एल0वी0 गण व अन्य उपस्थित रहे।

## दुर्घटना में घायल व्यक्ति ने तोड़ा दम : दो बाइकों की टक्कर में हुये थे चार घायल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बरसठी ब्लॉक के पास पेट्रोल पंप के बगल में गुरुवार को दो बाइक की आमने सामने की टक्कर में चार लोग घायल हो गये थे।घायल दयाराम 35 की जिला अस्पताल जाते समय शाम को दम तोड़ दिया जबकि तीन लोगों का अभी भी जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। जमुनीपुर गांव के दयाराम अपने पुत्री रीना और पुत्र रवि के साथ बाइक से मियाचक जा रहे थे विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार गोठाव निवासी रतनलाल की आमने सामने जोरदार टक्कर हो गई।टक्कर में चारों लोग लहूलुहान होकर सड़क पर गिर गए सूचना लगते ही थाना प्रभारी दिनेश कुमार ,एसआई संजय यादव ने चारों को इलाज के लिए सीएचसी बरसठी भेजा जहां देर शाम उपचार के बाद चारों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल जाते समय दयाराम की मौत हो गई जबकि उसके पुत्र रवि और पुत्री रीना की हालत दयनीय बनी हुई है मौत की सूचना मिलते ही जमुनीपुर गांव में कोहराम मच गया रात को थाना प्रभारी गांव पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।थाना प्रभारी के बताया कि बाइक को कब्जे में लेकर कारवाई की जा रही है।

## श्री गुरु ग्रंथ साहिब के 220 स्वरूपों को अमृतसर के बजाय लखनऊ से आस्ट्रेलिया भेजना राजनीति से प्रेरित –राजेन्द्र सिंह बग्गा



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। लखनऊ गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के अध्यक्ष स.राजेन्द्र सिंह बग्गा ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के 220 पावन स्वरूपों को अमृतसर साहिब से लखनऊ मंगवाकर इन्हे यहां से आस्ट्रेलिया भेजने को लेकर लखनऊ के एक होटल में राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख द्वारा आहूत की गई बैठक पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा सर्वप्रथम तो श्री गुरु ग्रंथ साहिब के स्वरूपों को श्री अकाल तख्त साहिब अमृतसर से वहां के मानयोग जत्थेदार, अध्यक्ष ,मुख्य ग्रंथी जी की गरिमामयी उपस्थिति में आस्ट्रेलिया के लिए सःसम्मान विदा कराना चाहिए था जिससे देश विदेश में रह रहे सिख समुदाय में इन पावन स्वरूपों के आदर सत्कार के प्रति एक अलग संदेश जाता लेकिन इन पावन स्वरूपों को अमृतसर से सीधे आस्ट्रेलिया न भेजकर इन्हे पहले लखनऊ मंगाया जाना एवं यहां से चार्टेड प्लेन द्वारा आस्ट्रेलिया भेजा जाना केवल राजनीति से प्रेरित है।आयोजन में सहभागिता को लेकर राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख द्वारा अपने सरकारी लेटर हेड पर जारी निमंत्रण के अनुसार 25 सितंबर को श्री अमृतसर साहिब से साहिब श्री गुरु ग्रंथ साहिब के 220 पावन स्वरूप लखनऊ आ रहे हैं।यहां से इनको चार्टेड प्लेन द्वारा आस्ट्रेलिया भेजा जाएगा जबकि इन पावन स्वरूपों को अमृतसर साहिब से भी आस्ट्रेलिया भेजा जा सकता था। श्री बग्गा जी ने कहा कि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख एवं लखनऊ के चंद सिख प्रतिनिधि पावन स्वरूपों के माध्यम से अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकना चाहते हैं। श्री बग्गा जी का कहना है कि इस बाबत आहूत बैठक होटल में न होकर लखनऊ के किसी गुरुद्वारे में सिख संगत की उपस्तिथि में होनी चाहिए थी लेकिन राज्य मंत्री ने सिख समुदाय में दरार डालने का कार्य किया है जिससे सरकार की छवि धूमिल हो रही है।आयोजन में सहभागिता को लेकर जो सूचना केंद्रीय गुरुद्वारा आलमबाग ,लखनऊ की प्रबन्धक कमेटी के लेटर हेड के माध्यम से पहुंचनी चाहिए थी, उस सूचना के लिए राज्य मंत्री ने अपने सरकारी लेटर हेड का प्रयोग किया। लखनऊ गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के अध्यक्ष स.राजेन्द्र सिंह बग्गा ने इसे पद की गरिमा व सरकारी लेटर हेड का दुरुपयोग बताया। साथ ही सीएम योगी आदित्यनाथ जी से सरकारी लेटर हेड के दुरुपयोग पर रोक लगाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि राज्य मंत्री की इस द्वेषपूर्ण राजनीति से लखनऊ के सिख समुदाय में रोष व्याप्त है। श्री बग्गा का कहना है कि राज्य मंत्री द्वारा आयोजित बैठक एवम् प्रेस वार्ता में सिख समाज के सम्मानित नहीं बल्कि ऐसे लोग शामिल हुए जो माननीय न्यायालय द्वारा सजा आफता हैं एवम् जिनके ऊपर संगीन धाराओं में मुकदमें चल रहे हैं। राज्य मंत्री की इन माफियाओं एवम् माफियाओं की राज्य मंत्री पर कृपा दृष्टि बनी रहती है जिससे सरकार की छवि धूमिल हो रही है। श्री बग्गा जी ने कहा कि केंद्रीय गुरुद्वारा आलमबाग अध्यक्ष निर्मल सिंह राज्य मंत्री के सहयोग एवम् कृपा दृष्टि राजनीतिक लाभ प्राप्ति की जुगत में लगे रहते हैं। एक माह पूर्व राज भवन में श्री गुरु तेग बहादुर साहिब के 401 वें प्रकाश पर्व को समर्पित गुरमत समागम के आयोजन में सिख समुदाय का विभाजित होना किसी से छिपा नहीं है।जिसका श्रेय बलदेव सिंह की द्वेषपूर्ण कार्यशैली को माना जा रहा है। श्री बग्गा ने कहा कि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख सिख समुदाय को जोड़ने का नहीं तोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। राज्यमंत्री की कार्यशैली से लखनऊ के सिख समुदाय में रोष व्याप्त है।

## डॉ रामविलास वेदांती महाराज ने मिशन मोदी पीएम अगेन भारत की दिल्ली प्रदेश की कमान समाजसेवी रामप्रकाश को सौंपी

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। राष्ट्रीय सुरक्षा महामिशन ट्रस्ट द्वारा संचालित मिशन मोदी पीएम अगेन भारत,अभियान के अंतर्गत ट्रस्ट की समिति की ओर से मिशन मोदी पीएम अगेन भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रामविलास वेदांती महाराज ने समाजसेवी रामप्रकाश को दिल्ली प्रदेश की कमान सौंपी। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रामविलास वेदांती महाराज ने मनोनयन के करने के बाद कहा कि यह अवसर अति गौरवपूर्ण है कि रामप्रकाश राष्ट्र निर्माण की दिशा में अपनी सहभागिता निर्वहन करने जा रहे हैं। हम ईश्वर से इनकी सफलता के लिए हार्दिक शुभ कामना करते हैं। हमें पूर्ण विश्वास है कि रामप्रकाश पवित्र राष्ट्र निर्माण कार्य में सदैव अपनी सकारात्मक दृष्टि, मानसिक व चारित्रिक एवं कुशल व्यवहार से श्रेष्ठ कार्यों का सृजन करेंगे। उन्होंने कहा हमें अपेक्षा है कि रामप्रकाश राष्ट्र की सेवा के श्रेष्ठ कार्य करके मिशन लक्ष्य की प्राप्ति करेंगे और देश के सभी कानूनों एवं उपरोक्त ट्रस्ट व मिशन के नियम एवं दिशा निर्देशों का पालन करेंगे। गौरतलब है कि समाजसेवी रामप्रकाश उत्तर प्रदेश के मूल निवासी हैं और लंबे समय से डॉ रामविलास वेदांती महाराज के साथ हैं। उन्होंने बताया कि 1994 से 1999 तक मछली शहर, 1999 से 2004 तक प्रतापगढ़



में महाराज जी के साथ उनके कार्यों में योगदान करते रहे। 2014 से संघ के कार्यकर्ता के रूप में कार्य कर रहे हैं। 2014 में कुंवर हरिवंश सिंह के साथ प्रतापगढ़ के लोकसभा चुनाव में तथा 2019 में सांसद संगम लाल गुप्ता के चुनाव में सक्रिय कार्य किया। अनुभवी एवं सक्रिय कार्यकर्ता तथा राजनीतिक रूप से कुशल समाजसेवी होने के नाते समाजसेवी रामप्रकाश को डॉक्टर रामविलास वेदांती महाराज ने दिल्ली प्रदेश की कमान सौंपी और विश्वास जताया।

## जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा राशनकार्डो में आधार सीडिंग की प्रगति, पात्रता सूची में सम्मिलित नये लाभार्थियो की स्थिति, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम–2013 तथा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजनान्तर्गत माह–अप्रैल 2022 से जुलाई 2022 तक खाद्यान्न वितरण की स्थिति, विभागीय अधिकारियों द्वारा किये गये निरीक्षण एवं प्रवर्तन कार्यो की स्थिति, निलम्बित/रिक्त दुकानों की स्थिति, आई0जी0आर0एस0/जनसूचना, सिंगल स्टेज डिलीवरी के क्रियान्वयन, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना/आयुष्मान कार्ड, आई0सी0डी0एस0 खाद्यान्न वितरण की स्थिति की बिन्दुवार समीक्षा की गयी। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिया कि शेष प्रचलित कार्डो पर आधार सीडिंग को पूर्ण कराये। अन्त्योदय राशनकार्ड का लाभ लेने वाले अपात्र लाभार्थियों को ऑनलाइन सूची से उन्मूलित कराकर उसके सापेक्ष पात्र लाभार्थियों को सम्मिलित किये जाने, निष्क्रिय राशनकार्डधारकों को सूची से उन्मूलित कराने, नये राशनकार्ड बनाये जाने के सम्बन्ध में प्राप्त शिकायतों और उनके सापेक्ष की गयी कार्यवाही के सम्बन्ध में अभिलेख बनाने, मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा उचित दर दुकानों के सम्बन्ध में पारित स्थगन आदेश की पैरवी करने, रिक्त दुकानों के चयन में अवांछित विलम्ब के कारण सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारियों को चेतावनी निर्गत किये जाने तथा विभिन्न योजनान्तर्गत खाद्यान्न वितरण के सम्बन्ध में समय–समय पर विज्ञप्ति/प्रचार–प्रसार करने के सम्बन्ध में निर्देश दिया। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी, जिला विकलांग कल्याण अधिकारी, जिला खाद्य विपणन अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, मुंगराबादशाहपुर (सदस्य) गोविन्द साहू, (सदस्य) शिवशंकर गुप्ता उपस्थित रहे।

## लौह पुरुष थे स्वर्गीय ठाकुर प्रसाद सिंह –डॉ. रणजीत सिंह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गांधी स्मारक विद्यालय संकुल के संस्थापक प्रबंधक स्वर्गीय ठाकुर प्रसाद सिंह की 19वीं पुण्यतिथि 'प्रेरणा दिवस' के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री गांधी स्मारक इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य डॉ रणजीत सिंह द्वारा स्वर्गीय संस्थापक की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया गया। डॉ सिंह ने पूर्व प्रबंधक को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए केदारनाथ अग्रवाल की पंक्तियां– " जब भी देखा लोहा देखा दोहराते हुए उन्हें अपने विचारों पर अडिग रहने वाला लौहपुरुष बताया। उन्होंने कहा कि उनका अद्भुत ,निडर ,दृढ़ निश्चयी और प्रभावशाली व्यक्तित्व इस प्रकार का था कि वह किसी को भी ललकारने की क्षमता रखते थे।उन्होंने बताया कि उनकी कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं था तथा वे अद्वितीय संघर्षशाली महान व्यक्तित्व थे। परिस्थितियाँ कितनी भी विकट क्यों न हों, समस्याओं के सामने उन्होंने कभी झुकना नहीं सीखा। विद्यालय के सर्वांगीण विकास पर ध्यान देते थे।उन्होंने स्वर्गीय सिंह को समदर्शी, परोपकारी, गरीबों का मसीहा और मोम जैसा पिघलने वाला संवेदनशील महापुरुष बताया।उन्होंने डॉ रूप नारायण त्रिपाठी की रचना रूप सुंदर, चलन भी सुंदर पढ़कर सबके लिए प्रेरणा स्रोत बताते हुए शुद्ध अंतःकरण हृदय वाला व्यक्तित्व बताया।अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि वह बाहर से जितने अधिक कठोर है उससे कहीं ज्यादा कोमल हृदय के व्यक्ति थे। पूर्व प्रधानाचार्य ने संगीत शिक्षक प्रेमनाथ सिंह 'चंदेल' द्वारा रचित श्रद्धांजलि गीत– सुकीर्ति निर्मल चरित्र पावन की छात्राओं द्वारा शानदार प्रस्तुति की जमकर सराहना की। विद्यालय संकुल के प्रबंधक हृदय प्रसाद सिंह 'रानू' ने अपने वक्तव्य में कहा कि यदि समस्त शिक्षक पूर्ण समर्पण के साथ समस्त भेद भाव से ऊपर उठकर



अपने उत्तरदायित्व का ईमानदारी से निर्वहन करें तो यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय प्रबन्धकारिणी समिति के सदस्य पं.राम सन्मुख तिवारी ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया।अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में उन्होंने पूर्व प्रबंधक को सरल हृदय का व्यक्तित्व बताया।उन्होंने कहा कि यदि हम अपने जीवन में प्रगति की तरफ अग्रसर होते हुए ऊंचाई की बुलंदियों को छूना चाहते हैं तो हमें उनसे प्रेरणा लेनी होगी। गांधी स्मारक पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर बी.के. निर्मल ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उन्हें पूरे विद्यालय परिवार रूपी वाटिका को सजाने, संवारने, पुष्पित और पल्लवित तथा सिंचित करने वाला माली बताया जिन्होंने इसे एक विशाल वटवृक्ष का रूप दे दिया है। आज जिस विद्यालय की जड़ें असीमित गहराई तक पहुंच चुकी हैं। इंटर कॉलेज समोधपुर के प्रधानाचार्य विनोद सिंह ने अपने विचार प्रकट करते हुए उन्हें एक सादा जीवन उच्च विचार वाला व्यक्तित्व बताया । प्रधानाचार्य ने कहा कि उन्होंने शिक्षा रूपी ज्योति पूरे समाज में जलाकर पूरे समाज के उत्थान के साथ–साथ इस क्षेत्र को पूरे प्रदेश में एक अलग पहचान दिलाई। इस अवसर पर प्रबंधकारिणी सदस्य कृष्ण पाल सिंह, प्राथमिक शिक्षक संघ,जौनपुर के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष व प्रबंध समिति के सदस्य सतीश सिंह, भौतिकी प्रवक्ता धर्मदेव शर्मा आदि ने भी अपने विचार प्रकट किये।कार्यक्रम का कुशल संचालन अंग्रेजी के प्रवक्ता विनय तिवारी ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य डीपीएड राजेश सिंह ने किया।मौके पर विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य गण बैजनाथ सिंह,राम दयाल सिंह ,विश्वनाथ सिंह, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय एनएसएस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ राकेश कुमार यादव , प्राचार्य डीपीएड राजेश सिंह,प्रधानाध्यापक वसुधापति तिवारी सहित संकुल के समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेतर कर्मचारी,छात्र एवं छात्राएं मौजूद रहे।

## नार्वे में हिन्दी की अलख जगा रहे प्रवासी भारतीय सुरेश चन्द्रः डा. ब्रजेश यदुवंशी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सिविल लाइन स्थित एक होटल में प्रख्यात प्रवासी साहित्यकार सुरेश चन्द्र शुक्ल 'शरद आलोक' का स्वागत समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम आयोजक शिक्षाविद डा. ब्रजेश यदुवंशी ने माल्यार्पण करके अंगवस्त्रम देते हुये स्मृति चिन्ह प्रदान किया। इस मौके पर बोलते हुये डा. यदुवंशी ने कहा कि सुरेश चन्द्र हिन्दी जगत के वैश्विक मशाल वाहक हैं। श्री शुक्ल विश्व हिन्दी सम्मेलन लंदन व मारीशस से सम्मानित प्रख्यात साहित्यकार हैं। आपकी दो दर्जन से अधिक पुस्तकें प्रकाशित हैं। श्री शुक्ल की कोरोना काल में लिखी गयी मानवीय संवेदनाओं से ओत–प्रोत पुस्तक 'लाक डाउन' विश्व पटल पर पहचान बनाने में कामयाब रही। इस मौके पर श्री शुक्ल ने कहा कि वैश्विक स्तर पर हिन्दी की मांग बढ़ी है। हिन्दी भाषा में निपुणता हो तो विश्व स्तर पर पहचान बनाने के साथ मातृभाषा को समृद्ध किया जा सकता है। स्वागत की कड़ी में सभाजीत द्विवेदी प्रखर ने शीष




आदर्श का बोझ लादे हुए, पांव गन्तव्य की ओर बढ़ता रहा, मैं जहां से चला था, वहीं रह गया जबकि अबिराम वर्षों से चलता रहा सुनाकर माहौल को सोचने पर मजबूर कर दिया। डा. प्रमोद वाचस्पति ने हर कदम फूंक–फूंक रखना, ठोकरें हैं बहुत जमाने में, दोस्ती का भरम बना ही रहे, टूट जाता है आजमाने में सुनाकर सामाजिक संदेश दिया। इस अवसर पर पत्रकार विद्याधर राय विद्यार्थी, कृष्ण मुरारी मिश्रा, आशीष यादव, अभिषेक यादव, अमन, अमित, धर्मेन्द्र, उमेश, मुकेश प्रजापति, शीश यादव, राजा यादव, जितेन्द्र यादव, श्रीकांत, अमर सिंह, अनिल केशरी, रोहित, सचिन आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सभाजीत द्विवेदी प्रखर ने किया। इस मौके पर आये लोगों का स्वागत करते हुये शैलेन्द्र सिंह ने आभार जताया।

## राष्ट्रीय हिंदू भगवा वाहिनी ने लोहिया पार्क की समस्याओं से जिला प्रशासन को कराया अवगत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : लोहिया पार्क में राष्ट्रीय हिंदू भगवा वाहिनी की प्रदेश अध्यक्ष डॉ अंजना सिंह और पदाधिकारियों ने डीएम मनीष वर्मा जी और उद्यान विभाग के अधिकारियों के साथ एक बैठक की इसमें डॉ अंजना सिंह ने लोहिया पार्क की समस्याओं और गौशाला से जुड़ी समस्याओं से डीएम को अवगत कराया और ज्ञापन दिया बैठक में पार्क और गौशाला से जुड़ी समस्या के सभी बिंदुओं पर चर्चा की गई और उसके निदान के लिए भी कदम उठाए गए डीएम मनीष कुमार वर्मा ने गौशाला और पार्क की समस्या को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द कार्यवाही करने का निर्देश दिया कार्यक्रम का समापन मनीष कुमार वर्मा जी के हाथ से पार्क में पौधरोपण के साथ किया गया इस अवसर पर के सभी पदाधिकारी रमेश सिंह शैलेंद्र सिंह सर्वेंद्र सिंह राम प्रताप सिंह अमरनाथ अग्रहरी और उद्यान विभाग की अधिकारी ममता सिंह यादव और कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## सड़क हादसे में तीन लोगों की हालत गम्भीर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : औद्योगिक क्षेत्र सतहरिया में स्थित पुलिस चौकी के पास गुरूवार देर शाम को बाइक व साइकिल में आमने सामने टक्कर हो गई। जिसमें सतहरिया गांव निवासी दीपक पाल 25 जो अपने बाइक से मुंगराबादशाहपुर की तरफ जा रहे थे। जैसे ही पुलिस चौकी के पास पहुंचे ही थे। तभी सामने से उक्त गांव निवासी प्रमोद कुमार साइकिल से आ रहे थेद्यतभी बाइक व साइकिल में टक्कर हो गई। जिसमें दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गया। उधर सतहरिया में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास उक्त गांव निवासी सार्थक साइकिल से गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गएद्यतीनों को उपचार हेतु लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतहरिया पर लाया गया। जहां तीनों की हालात गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## प्रशासन की कड़ी चेतावनी के बावजूद भी गांव में नहीं हो रही साफ सफाई

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिला प्रशासन की कड़ी चेतावनी के बावजूद भी ग्राम पंचायतों में साफ सफाई का मुकम्मल इंतजाम नहीं है। तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत उमरी कला में साफ – सफाई तथा एंटी लारवा का छिड़काव न कराए जाने से गांव में बीमारियों की बाढ़ सी आ गई है। ग्राम पंचायत के अवकाश प्राप्त शिक्षक जटाशंकर शर्मा ने इस बात की शिकायत किया है। उनका आरोप है कि दो हजार की आबादी वाले इस गांव पंचायत में साफ सफाई ना होने से गंदगी व्याप्त है। गन्दगी के कारण बीमार लोगों की संख्या दिन प्रति दिन बढ़ती जा रही है। उन्होंने प्रशासन से गांव में साफ–सफाई तथा एंटी लारवा के छिड़काव के साथ ही फागिंग कराए जाने की मांग किया है। खंड विकास अधिकारी नितिन कुमार ने बताया कि बहुत जल्द ही गांव में साफ सफाई कर फागिंग का काम कराया जाएगा।

## फतेहगंज चौकी क्षेत्र में सट्टेबाजी का कारोबार चरम पर

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) कोतवाली नगर अंतर्गत चौकी फतेहगंज क्षेत्र मैं पुलिस के संरक्षण में खुलेआम चल रही है सट्टेबाजी प्राप्त जानकारी के अनुसार खीर गली राम जानकी मंदिर के बगल गली मकबरा लालबाग नाका क्षेत्र में खुलेआम सट्टेबाजी खिलाए जाने के कारण नवयुवक हो रहे बर्बाद बताते चलें कि कुछ स्थानों पर जनरल स्टोर की दुकान पर नंबर बुक किए जाते हैं एवं सट्टेबाजी का गेम चलाने वाले लोगों द्वारा चलते फिरते नंबर बुक किए जा रहे हैं जिसकी जानकारी फतेहगंज चौकी के सिपाही से लेकर इंचार्ज तक की होने के बावजूद सट्टेबाजी खिलाए जाने की सुविधा शुल्क हफ्ता सट्टेबाजों द्वारा समय से पहुंचा दिया जाता है जिसके चलते नवयुवक बालक बर्बाद हो रहे हैं।

## पीस कमेटी की बैठक हुई संपन्न

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अयोध्या जनपद के थाना इनायतनगर में आगामी होने वाले त्योहारों को ध्यान में रखकर पीस कमेटी की बैठक संपन्न की गई। आसपास के क्षेत्र में होने वाले दुर्गा पूजा, चेहल्लुम, रामलीला,व दशहरा को शांतिपूर्वक मनाए जाने वा आपसी सौहार्द बनाए रखने को लेकर मिल्कीपुर क्षेत्राधिकारी सत्येंद्र भूषण तिवारी व थाना प्रभारी प्रभारी अमरजीत सिंह व यस यस आई सीनियर अजय कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में पीस कमेटी बैठक रखी गई। जिसमें क्षेत्र के ग्राम प्रधान व साथ में दुर्गा पूजा कमेटी सदस्य क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्ति उपस्थित थे। जिसमें उपस्थित सभी लोगों से बिंदुवार समस्याओं पर चर्चा के साथ ही किसी अप्रिय घटना की आशंका पर तत्काल पुलिस को सूचना देने की बात कही। मूर्ति विसर्जन को लेकर कहा कि मूर्ति का विसर्जन वहां करें। जहां पर स्थान चिन्हित किया गया हो पर्व के दौरान हुड़दंग मचाकर शांति व्यवस्था बिगाड़ने वाले किसी भी व्यक्ति को किसी भी कीमत पर बक्सा नहीं जाएगा। क्षेत्राधिकारी सत्येंद्र भूषण ने बताया पर्व के मौके पर सुरक्षा की व्यवस्था चुस्त–दुरुस्त की जा चुकी है।

## प्राथमिक विद्यालय में अवस्थाओं का भंडार : नहीं सुधर रही है व्यवस्थाएं

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) सरकार गरीब असहाय बच्चों को पढ़ाने के लिए सरकारी स्कूल और उनके लिए खाने पीने की सुविधाएं दी हैं लेकिन इसके बजाय खानपुर मसौधा के विद्यालय प्राइमरी में आज कई दिनों से लगातार शिकायतें अध्यापकों की मिल रही थी क्योंकि उस स्कूल में पत्रकार के घर के कुछ बच्चे पढ़ते हैं पत्रकारों द्वारा वहां पहुंचकर जब देखा गया तो वहां बच्चे पढ़ने के बजाय खेल कूद रहे थे और पूरे क्लास की कुर्सियां खाली थी प्रिंसिपल और अध्यापक लोग बिल्कुल नहीं थे वहां के बच्चे बोलते हैं कि यहां मोबाइल से पढ़ाते हैं और मोबाइल में वीडियो और पिक्चर देखते हैं पढ़ाई के नाम पर वहां फिल्म सिनेमा घर बना दिए हैं वही के अध्यापक बबलू सिंह बल्कि पढ़ाने के बजाय दुकान पर टहलते हुए और वहां बैठकर पानी पीते नजर आ रहे हैं। वहां की सफाई व्यवस्था को देखकर ऐसा लग रहा है कि कई वर्षों से वहां सफाई नहीं हुई है पत्रकारों द्वारा वीडियो फोटो लेने पर वही के अध्यापक बबलू सिंह पत्रकारों को धमकियां दे रहे हैं के वीडियो फोटो डिलीट कर दो और अगर वायरल होगा तो समझ लेना तुम लोगों को झूठे मुकदमे में जेल भिजवा देंगे। जब या शिकायत पत्रकारों ने मंडल शिक्षा अधिकारी रमापति त्रिपाठी को दिया उन्होंने मामले को संज्ञान में लेते हुए कहा कि जिस तरीके से पत्रकारों के साथ अभद्रता की है वह सही नहीं है के खिलाफ कार्रवाई होना सुनिश्चित है।

## जल के बिना जीवन अधूरा–राघवेंद्र पांडेय

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित तारुन ब्लॉक सभाकक्ष में आयोजित जल संचयन एवं संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा जिला महामंत्री राघवेंद्र पांडेय ने कहा कि जल के बिना जीवन अधूरा रहेगा। इसके लिए देश के हर नागरिक को सचेत होकर जल का संरक्षण करना होगा। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि फयाराम वर्मा ने कहा कि जल का संचयन करना भविष्य की पीढ़ियों के लिये अति आवश्यक है। जल संरक्षण के लिये अंधाधुंध नल के जल के दोहन को रोकना सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। जिला समन्वयक जल जीवन मिशन इंदुभूषण वर्मा ने प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर आयोजित सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में कहा कि जल ही जीवन है। भविष्य के लिये जल सकट को देखते हुये पानी का संचयन अति आवश्यक है। जिसके लिये हैण्डपम्प नही अब हर गांवो में टँकी का निर्माण कराया जाना है। जिसके तहत हर घर शुद्ध जल पहुचेगा। कार्यक्रम में भाजपा आई टी प्रमुख प्रवेश मिश्रा, विनय सिंह, मण्डल महामंत्री पतिराज वर्मा, मंडल अध्यक्ष महेन्द्र मिश्रा, विकास दुबे, अखण्ड मौर्य, दिनेश कुमार प्रधान, बिकास द्विवेदी, हरीराम निषाद, राम कुमार राव, नरसिंह शर्मा, कर्मवीर वर्मा, हृदयराम शर्मा, दिनेश वर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे। संचालन जेपी सिंह जल जीवन मिशन ने किया।

## सुविधाओं से सुसज्जित करें ग्राम सचिवालय – बीडियो

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : खंड विकास अधिकारी शरद कुमार श्रीवास्तव ने शुक्रवारको पंचायत सचिवों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन की मंशा के मुताबिक आप सब ग्राम सचिवालय को सभी सुविधाओं से आच्छादित करें। ताकि ग्रामीणों की समस्याओं का निस्तारण ग्राम सचिवालय में ही किया जा सके। उन्होंने निर्देशित किया कि ग्राम सचिवालय में सीसीटीवी कैमरा , फर्नीचर ,कंप्यूटर ,पेयजल की व्यवस्था कराएं। ताकि ग्रामीणों को परिवार रजिस्टर की नकल जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र विधवा वृद्धा एवं दिव्यांग पेंशन की ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन आया देवास प्रमाण पत्र वहीं से निर्गत किया जा सके। उन्होंने कहा कि विभिन्न वर्षो के 76 पूर्ण आवासों को 1 सप्ताह के भीतर पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें तथा मनरेगा जैसी महत्वाकांक्षी योजना में प्रत्येक गांव में मजदूरों को मजदूरी दी जाए ताकि उनका पलायन शहरों की तरफ ना होने पाए उन्होंने नए आवासों के लिए पात्र व्यक्तियों की सूची की फिटिंग कराए जाने का भी निर्देश दिया। बैठक में सहायक विकास अधिकारी पंचायत रणजीत सिंह, दुर्गेश तिवारी ,निशा यादव, विनय यादव, बृजेश सिंह, अरुण कुमार सिंह, श्रीपति मौर्या, राजकुमार मौर्य, पूजा सोनी आदि लोग मौजूद थे।

## शौच के लिए युवक की नदी में डूबने से मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गोमती नदी के घाट के सामने शौच के लिए गए युवक की नदी में डूबने से युवक की मौत हो गई।घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। चंदवक घाट निवासी प्रदीप कुमार (43) पुत्र रामजीत प्रातः शौच के लिए नदी के किनारे गए थे उसी दौरान पैर फिसल गया और पानी अधिक होने के कारण नदी में डूब गए।काफी समय बीतने के बाद घर नहीं पहुंचे तो परिजन परेशान हो उठे और खोजबीन शुरू की तो मरी माता के मंदिर के किनारे शव नदी में मिला जहां पानी स्थिर था। शव मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।सूचना पर पहुंची चंदवक पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## त्यौहार उत्साह पूर्वक मनाते हुए शांति व्यवस्था बनाए रखें–स्वप्निल यादव

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) कोतवाली रुदौली में शारदीय नवरात्रि में दुर्गा पूजा व रामलीला त्योहार में शांति व्यवस्था के लिए उपजिलाधिकारी स्वप्निल यादव की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपजिलाधिकारी स्वप्निल यादव ने कहा शारदीय नवरात्र में दुर्गा पूजा और रामलीला के त्यौहार के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखना शासन की प्राथमिकता में है।अशांति पैदा करने वालों को चिन्हित कराया जा रहा है।उन्होंने कहा कि त्यौहार उत्साह पूर्वक मनाते हुए शांति व्यवस्था बनाए रखें।बताया कि त्यौहार के मद्देनजर विद्युत,साफ सफाई,रास्तों के गड्ढे की भराई,चूना छिड़काव और नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र के प्रमुख मार्गों पर हुए गड्ढे को सही करने के निर्देश पालिका परिषद रुदौली और लोक निर्माण विभाग को दिए गए हैं।कहा की सभी विभागों की त्यौहार के दौरान किए गए कार्यों की 25 सितंबर को समीक्षा बैठक बुलाई गई है। क्षेत्राधिकारी संदीप कुमार सिंह ने अपील की कि त्योहार के दौरान पुलिस अशांति पैदा करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करेगी।उन्होंने कहा किसी भी सार्वजनिक मार्ग को अवरुद्ध नहीं होने दिया जाएगा। बताया कि समिति के लोग शराब पीकर हुड़दंग मचाने वाले लोगों को अपनी समितियों से दूर रखें। अशांति और अराजकता पैदा करने वालों की सूचना पुलिस को दें।पालिका अध्यक्ष पालिका अध्यक्ष जब्बार अली ने कहा की शहर की स्वच्छता सफाई और मार्गों के सुधार के निर्देश दिए गए हैं। अधिशासी अधिकारी रणविजय सिंह ने कहा की शहर की प्रमुख रामलीला और दुर्गा पूजा प्रतिमा पंडाल देवी मंदिर का भ्रमण कर आवश्यक आदेश जारी कर दिए गए हैं।अवर अभियंता विकास पाल ने विद्युत समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। भाजपा नगर अध्यक्ष शेखर गुप्ता ने शहर के सभी पूजा पंडालों के अलावा सभी वार्ड और मोहल्लों में फागिंग कराए जाने की मांग की।सभासद इरफान खान पूजा नवरात्रि पर्व के दौरान मंदिरों रामलीला स्थल और और दुर्गा प्रतिमा पंडाल पर शाम को सफाई व्यवस्था किए जाने की मांग की।भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष आशीष शर्मा ने ग्रामीण क्षेत्रों में दुर्गा पूजा के दौरान सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराए जाने के लिए सफाई कर्मियों को निर्देश दिए जाने की मांग की।केंद्रीय दुर्गा पूजा रामलीला समन्वय समिति अधयक्ष अनिल मिश्रा ने उत्सव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के साथ–साथ पूजा समितियों से तालमेल बनाए रखने की भी अपील की।इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रुदौली शशिकांत यादव,शाह मसूद हयात गजाली,पूर्व सभासद मोहम्मद, ताहिर,सभासद आशीष बैश्य,प्रदीप यादव,कुलदीप सोनकर सहित काफी लोग मौजूद रहे सहित दुर्गा पूजा रामलीला समिति के अध्यक्ष और पदाधिकारी गण मौजूद रहे।

## अमृत सरोवर पर कमांडेंट ने किया पौधरोपण : हाजीपुर बरसेंडी ग्राम पंचायत के अमृत सरोवर पर किया गया पौधरोपण

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) तहसील क्षेत्र के हाजीपुर वरसेंडी ग्राम पंचायत स्थित शहीद भगत सिंह अमृत सरोवर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मोउत्सव के स्वच्छता पखवाडा के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छ वायु एवं जलवायु संरक्षण हेतु हाजीपुर ग्राम पंचायत स्थित बन रहे शहीद भगत सिंह अमृत सरोवर पर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित मण्डल कामंडनेन्ट होगार्ड चन्द्र मोहन मिश्र व जिला कमांडेंट राघवेन्द्र शुक्ला भाजपा जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार पाण्डेय ने पौधरोपण किया। इस दौरान मण्डल कामंडनेन्ट श्री मिश्र ने कहा कि वृक्षों से पर्यावरण संरक्षित होता है।और लोगो को शुद्घ वायु मिलती है।लोगों को रासायनिक खादों के उपयोग से बचना चाहिए और ऑर्गेनिक खादों का उपयोग करने पर बल दिया जो जीवन के लिए बहुत उपयोगी होती है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार पाण्डेय ने कहा कि प्रधान अर्चना रावत ने शहीद के नाम पर सरोवर का नामकरण किया है। इस सरोवर को पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित करने के लिए योजना है इसे और विकसित करने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजकर इसका सौन्दर्यकरण कराया जायेगा। सरोवर के चारो तरफ फुट पाथ का निर्माण कराया जा रहा हैस पुलिस व मिलिट्री भर्ती की तैयारी करने वाले युवाओं को भी सुविधा होगी। नेशनल हाइवे पर दौड़ लगाते समय लोग कभी कभी दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं इससे भी बचा जा सकता है। भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकार के मुखिया की अच्छी नीति व जनमानस के हित में किए जा रहे अच्छे कार्य से सबका साथ सबका विकास की अहम निति के चलते जनता वाहवाही कर रही है। इस अवसर पर बी ओ सोहावल रमेश चन्द्र यादव, ब्लाक प्रमुख अनिल कुमार, सर्वेश सिंह बड़े बाबू,प्रधान पति अमन प्रताप होमगार्ड के.के.तिवारी,धन्ना सिंह, संजय सिंह, जय बहादुर सिंह, विष्णु पाण्डेय,अशोक सिंह,कुलदीप तिवारी,अभिषेक दुबे,अवनीश तिवारी (लल्लू )घनश्याम वर्मा,बृज किशोर,आदि सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग व महिलायें मौजूद रहीं।

## बच्चों को भाषा एवं गणित में दक्ष बनाने के लिए हो रहा है शिक्षकों का चार दिवसीय प्रशिक्षण

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) तारुन बीआरसी पर निपुण भारत मिशन के अंतर्गत शिक्षकों का चार दिवसीय प्रशिक्षण संचालित किया जा रहा है। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य पिछले 2 वर्षों से कोविड के कारण बच्चों के अधिगम स्तर में आयी कमी को पूरा करने तथा सभी कक्षा 1 से कक्षा 3 तक के बच्चों को भाषा एवं गणित में दक्ष बनाना है। शासन द्वारा पूरे प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों के लिए निपुण लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिसे 2025–26 तक अनिवार्य रूप से पूरा करते हुए सभी बच्चों को निपुण बनाना है। इस कार्य को पूरा करने के लिए 22 सप्ताह की सुदृढ़ कार्ययोजना बनाई गई है। आधारशिला क्रियान्वयन संदर्शिका का उपयोग करते हुए सभी शिक्षक बच्चों को निपुण बनाने का प्रयास करेंगे। प्रशिक्षण में एआरपी रजनी रंजन जायसवाल, मुकेश मिश्र, संतोष कुमार गुप्ता तथा यमुना लाल यादव द्वारा कुशलतापूर्वक प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण में जनपद अयोध्या से पहुँचे एसआरजी डॉ अम्बिकेश त्रिपाठी ने कहा कि सभी शिक्षक आधारशिला क्रियान्वयन संदर्शिका का उपयोग करते हुए साप्ताहिक शिक्षण चक्र के अनुसार प्रथम 4 दिवस नयी दक्षता पर एवं अभ्यास पत्रक पर कार्य करते हुए 5 वें दिन पुनरावृत्ति, 6 वें दिन आकलन और उपचारात्मक कार्य तथा सभी बच्चों को गृह कार्य की शीट पर अनिवार्य रूप से कार्य कराते हुए सभी बच्चों को निपुण बनाने का प्रयास करें। सभी शिक्षक निपुण लक्ष्य एप से कक्षा 1 से 3 तक के सभी बच्चों का भाषा और गणित में प्रतिदिन आकलन करते हुए सभी बच्चों का सीखना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें। कार्यक्रम में राजेश दुबे रामगोपाल यादव सत्येंद्र पाठक सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

## पालिका अध्यक्ष द्वारा जिलाधिकारी से नगर पालिका परिषद में किसी अन्य अधिशासी अधिकारी को नियुक्त करने की मांग

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) नगर पालिका अध्यक्ष जब्बार अली और अधिशाषी अधिकारी के बीच चल रही उठापठक सामने आ गई है।नगर पालिका अध्यक्ष जब्बार अली ने अधिशाषी अधिकारी रणविजय सिंह पर पालिका के कार्य के प्रति लापरवाही बरतने की शिकायत जिलाधिकारी से की है। मालूम हो कि 19 सितम्बर को आगामी दुर्गा पूजा,रामलीला तैयारी और नगर पालिका विस्तार पर चर्चा करने के लिए बोर्ड की आपातकालीन बैठक पालिका अध्यक्ष ने बैठक बुलाई थी।19 सितम्बर से विधानसभा सत्र शुरू होने का पत्र भेजकर कर ईओ ने पालिका अध्यक्ष से पुर्नविचार का आग्रह किया और इसकी सूचना सभासदों को देते हुए पालिका के नोटिस बोर्ड पर पत्र सार्वजनिक कर दिया।ईओ न तो बैठक में गए न ही पत्र के बाद पालिका की बैठक हो सकी।ईओ के पत्र से नाराज पालिकाध्यक्ष ने ईओ को अकर्मण्य और पालिका क्षेत्र में न रहने,विकास कार्यो में रुचि न लेने की शिकायत जिलाधिकारी से की।जिलाधिकारी से की गई शिकायत मे पालिका अध्यक्ष ने कहा कि अधिशाषी अधिकारी प्रायः बोर्ड बैठक से नदारत रहते है।सप्ताह में कई दिन कार्यालय नही आते है।न आने से जनता से जुड़ी समस्यों व जनहित के कार्य नही हो पा रहे।बताया कि पालिका के कार्य बाधित है।जनता की समस्याओं का समय से निराकरण नही हो पा रहा है।जनता व बोर्ड के सदस्यों में इस बात को लेकर काफी रोष व्याप्त है।उन्होंने जिलाधिकारी से नगर पालिका परिषद में किसी अन्य अधिशासी अधिकारी को नियुक्त करने सम्बन्धी आवश्यक कार्यवाही करने की माँग की है।वहीं ईओ रणविजय सिंह ने बताया कि पालिकाध्यक्ष शासन के निर्देशों की अवहेलना कर बोर्ड बैठक करना चाहते थे। विधान सभा सत्र के दौरान बोर्ड बैठक न किये जाने के निर्देश है।उन्होंने पालिका अध्यक्ष के आरोप को बेबुनियाद बताया।

## पूरा ब्लाक पर आयोजित किया गया जल ही जीवन कैच द रेन कार्यक्रम

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर एक पखवारे में आयोजित कार्यक्रमों श्रृंखला के तहत गुरुवार को पूरा ब्लाक मुख्यालय पर जल ही जीवन कैच द रेन विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय मंत्री कमलेश श्रीवास्तव रहे।कार्यक्रम का आयोजन पूरा ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि शिवेंद्र सिंह ने तथा संचालन नंद कुमार ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री श्रीवास्तव ने कहा कि आज समाज का बड़े स्तर पर शहरीकरण हो रहा है इस कारण बरसात व अन्य स्रोतों से निकला हुआ पानी सीधे भूमि में नहीं जा पा रहा है और इसके चलते रूम में जलस्तर निरंतर गिरता ही जा रहा है।उन्होंने कहा कि यदि यही स्थिति बनी रही तो आने वाले समय में जल का बहुत बड़ा संकट उत्पन्न हो जाएगा और त्राहि–त्राहि मच जाएगी।कार्यक्रम के आयोजक पूरा ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि श्री सिंह ने कहा कि ऐसी परिस्थिति में संभावित जल संकट को देखते हुए हम सभी को ऐसी व्यवस्था करनी होगी जिससे बरसात व अन्य स्रोतों से निकलने वाला जल सीधे भूमि में जा सके और जल अस्तर को गिरने से बचाया जा सके।भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पांडेय बादल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर पार्टी की ओर से चलाए जा रहे पखवाड़े भर के कार्यक्रम के तहत इस जल ही जीवन कैच दे रेन विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।इस कार्यक्रम के जरिए हमें स्वयं और अपने सहयोगियों को जल संकट से समाज को उबारने के लिए प्रचार प्रसार करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम को भाजपा नेता शैलेंद्र कोरी सहित कई अन्य पार्टी पदाधिकारियों ने संबोधित किया।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकता व क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

